Patrika (Indore), 24th September 2024, Front Page- plus 02

#CityTraffic

**स्मार्ट सिटी कंपनी के साथ किया एमओयू**

# ट्रैफिक व्यवस्था ठीक करने में मदद करेगा आइआइटी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने, मुख्य चौराहों व सड़कों का दौरा कर तकनीकी कमियों को चिन्हित कर उन्हें दूर करने के काम में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) साइंटिफिक तरीके से मदद करेगा। सोमवार को स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड और आइआइटी के बीच एमओयू साइन हुआ है।

सोमवार को आइआइटी में हुए आयोजन में डायरेक्टर सुहास जोशी की उपस्थिति में स्मार्ट सिटी कंपनी के सीईओ दिव्यांक सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। सिंह के मुताबिक, शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बड़ा मसला है। आए दिन चौराहों पर जाम लगता है, लोग घंटों परेशान होते हैं। ट्रैफिक सुधारने के लिए प्रशासन गंभीर है और इसलिए आइआइटी की मदद लेने का फैसला लिया है।

## आइआइटी की रिपोर्ट के बाद होगा काम

आइआइटी की टीम ट्रैफिक व्यवस्था के रीअलायमेंट, ट्रैफिक का दबाव कम करने, लेफ्ट टर्न की व्यवस्था बनाने, सड़क किनारे सुविधाओं का निर्माण करने, ट्रैफिक प्रभाव की निरंतरता बनाए रखने पर काम करेगी। नगर निगम की तकनीकी व रिमूवल शाखा, ट्रैफिक सेल का अमला टीम को साथ दौरा करेगा। टीम के सुझाव पर काम किया जाएगा। वहां की कमियां दूर करने को लेकर आइआइटी रुद्ध रिपोर्ट पर आगे निर्णय लिए जाएंगे।